प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 04.09.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. जीएसटी परिषद ने वस्तु और सेवा कर सुधारों को दी स्वीकृति, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– देश का हर वर्ग इस फैसले से होगा लाभांवित : 22 सितम्बर से लागू होंगी नई दरें।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीएसटी दरों में कटौती का किया स्वागत : कहा– देश की अर्थव्यवस्था को और मजबूत व समावेशी बनाएगा यह कदम।
3. मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में 2 हज़ार 251 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– प्रत्येक जिले में एंप्लॉयमेंट जोन बनाकर विकसित उत्तर प्रदेश के विज़न को करेंगे साकार। और
4. कल मनाया जाएगा ईद–ए–मिलादुन्नबी का पर्व : आज रात से शुरू होगा जलसों का दौर, प्रशासन ने सुरक्षा के किए पुख्ता इंतज़ाम।

———————

जीएसटी परिषद ने दैनिक उपयोग की कई वस्तुओं पर दरों में कटौती को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी है। परिषद ने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की चार–स्तरीय संरचना से सरल बनाकर 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना

में बदल दिया है। इस फैसले से दैनिक उपयोग की अधिकांश वस्तुएँ और सेवाएँ सस्ती हो गई हैं। कल नई दिल्ली में जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने बताया कि नई दरें इस महीने की 22 तारीख से लागू होंगी। पेश है एक रिपोर्ट.....

*जीएसटी में सबसे बड़ी कर कटौती खाद्य पदार्थों, दावाओं, आवश्यक वस्तुओं कृषि उत्पादों हरित ऊर्जा के साथ–साथ छोटी कारों और बाइक पर की गई है। वहीं, व्यक्तिगत जीवन स्वास्थ्य बीमा पॉलिसीयों पर जीएसटी की दर 18 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दी गई है। इस कदम से स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी आम आदमी के लिए सस्ती हो जाएगी और देश में बीमा कवरेज बढ़ेगा। कैंसर और दुर्बल बीमारियों के उपचार सहित 36 जीवन रक्षक दावाओं पर भी जीएसटी शून्य कर दिया गया है। नियमित उपयोग की जाने वाले चिकित्सा वस्तुओं पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। ऐसे में स्वस्थ भारत समृद्ध भारत बनाने की दिशा में यह एक निर्णायक कदम है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी दरों में किए गए सुधारों की सराहना की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सरकार के इस फैसले से आम आदमी, किसानों, एम.एस.एम.ई., मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं को लाभ होगा। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वस्तु और सेवा कर–जीएसटी की दरें कम करने के सरकार के फैसले की सराहना की है। आज गुरुग्राम के सोहना में मीडिया को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने कहा

कि इस ऐतिहासिक फैसले से मध्यम वर्ग और निम्न आय वाले परिवारों पर वित्तीय बोझ कम होगा।

*हमारे मध्य वर्ग के परिवारों के जीवन में काम में आने वाली हर चीज चाहे खाने से संबंधित हो चाहे, पहनने से संबंधित हो, चाहे बच्चों की पढ़ाई से संबंधित हो तो हर चीज पर जीएसटी की दरें एक बड़ी मात्रा में कम की गई है, जिससे हमारे मध्य वर्ग के परिवारों के जीवन में एक बड़ी खुशी की लहर है।*

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीएसटी दरों में कटौती के फैसले का स्वागत किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि ये परिवर्तनकारी उपाय नागरिकों के जीवन को सरल बनाएंगे, व्यापार को आसान बनाएंगे और स्थानीय विनिर्माण एवं उद्यमिता को गति देंगे। उन्होंने कहा कि इससे देश की अर्थव्यवस्था और मजबूत व समावेशी बनेगी। उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने इस फैसले के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में बदलाव जनहित और राष्ट्रहित में है। बाइट.....

*माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जो एक ऐतिहासिक फैसला हुआ है। तीन सितम्बर को बधाई देता हूँ और यह फैसला देश के विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से विकसित भारत बनाने की दृष्टि से आम आदमी की दृष्टि से व्यापार करने वालों की दृष्टि से गृहस्थी चलाने वालों की दृष्टि से गरीबों की दृष्टि से किसानों की दृष्टि से सबके लिए यह फैसला है। जीएसटी काउंसिल का वो ऐतिहासिक है।*

उद्योग निकायों ने नए जीएसटी सुधारों का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे व्यापार सुगमता बढ़ेगी और परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। पीएचडी चंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष हेमंत जैन ने कहा कि जीएसटी सुधार आम आदमी के जोवन को सुगम बनाएगी और उद्योग जगत के लिए जीएसटी प्रक्रिया को सरल करेगी। बाइट...

*जो प्रधानमंत्री सोचा है उसको इतनी जल्दी इंप्लीमेंट कर दिया था, सोचा नहीं गया था और जो स्पीड है इंप्लीमेंटेशन का बहुत की था फेस्टिवल सीजन आ रहा है लोगों के हाथ में पैसा होगा, तो आई सी दिस इस ए ग्रेटग्रेट इंसेंटिव फॉर द कॉमन मैन और दूसरा इंडस्ट्री के लिए इनको सिंपलीफाई करना है। ये प्रयास है कि जो बिजनेस में इंडिया आगे बढ़े तो ये जीएसटी के लिए रिफॉर्म रहे हैं इसमें इज ऑफ ग्रीन बिजनेस के लिए भी काफी सहयोग रहेगा।*

एसोसिएटेड चंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया– एसोचौम के महासचिव मनीष सिंघल ने कहा कि नए जीएसटी सुधार देश में उत्पादन और निवेश को बढ़ावा देंगे। बाइट....

*उत्पादन बढ़ेगा, इन्वेस्टमेंट बढ़ेगा तो वह सारा भारत में बढ़ेगा, तो उस हिसाब से भारत में जब ज्यादा चीजें बनेगी तो हम आत्मनिर्भर भी बनेंगे और हमारे आम आदमी के पास हाथ में ज्यादा पैसा होगा तो उससे वह अपनी डेली लाइफ में आसानी ला सकते हैं। एक तरफ सरकार डिजिटलाइजेशन कर रही है जिससे काफी आसानी आई है और दूसरी तरफ हर आदमी की लाइफ इजी हो जाती है।*

प्रदेश भर में व्यापारियां समेत सभी वर्गों में इस फैसले से खुशी का माहौल है। अलीगढ़ के नवेंदु गर्ग ने बताया कि जीएसटी पर लिए गए निर्णय से महंगाई कम होगी और आम आदमी को राहत मिलेगी। बाइट.....

*गवर्नमेंट का जो स्टेप है गेम चेंजर स्टेप है इसकी जितनी तारीफ करी जाए कम है इससे इकोनॉमी में बहुत बूस्ट आएगा। लोगों की परचेजिंग पावर बढ़ जाएगी व्यापारियों के लिए सिम्प्लिफिकेशन हो जाएगा रिटर्न भरना आसान हो जाएगा रिफंड लेना आसान हो जाएगा रजिस्ट्रेशन कराना आसान हो जाएगा ये बहुत वेलकम स्टेप है इस स्टेप से इकोनॉमी में बहुत बूस्ट आएगा।*

———————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

———————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में 2 हज़ार 251 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से गीडा 15 हज़ार से अधिक लोगों को रोजगार देगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर जिले में सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर एंप्लॉयमेंट जोन बनाए जाएंगे। जहां युवाओं को रोज़गार देकर**

विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश के विज़न को मज़बूती से आगे बढ़ाया जा सकेगा। बाइट.....

*भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर हम लोग एक एक एम्प्लॉयमेंट जोन बनाएंगे सौ एकड़ क्षेत्रफल में जहाँ पर नौजवानों की नौकरी के लिए उसके रोजगार के लिए, उसके स्किल डेवलपमेंट के लिए और वहां पर निवेश के संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए उस एम्प्लॉयमेंट जोन के माध्यम से हम उत्तर प्रदेश के नौजवान को उसकी रूचि के अनुरूप कार्य देकर के विकसित उत्तर प्रदेश के प्रधानमंत्री जी के विजन को एक मिशन के रूप में लेकर के आगे कार्य करने जा रहे हैं।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में गोरखा रेजीमेंट के वीर सपूतों की शौर्यगाथा क प्रदर्शन के लिए 45 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित गोरखा युद्ध स्मारक के सौन्दर्यीकरण कार्यों और संग्रहालय का शिलान्यास किया। इस अवसर पर रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान की मौजूदगी में मुख्यमंत्री ने गोरखा रेजिमेंट के शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि इस स्मारक के माध्यम से विरासत की शौर्य गाथाओं को संजोया जा सकेगा, जिससे आने वाली पीढ़ियां उनकी गौरव गाथाओं के बारे में जान सकें।

——————————

ईद–ए–मिलादुन्नबी को लेकर प्रदेश भर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पैगम्बर मोहम्मद के जन्मदिन पर आज

रात जगह जगह जुलूस निकाले जाएंगे और जलसों का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था बबलू कुमार ने बताया कि अमीनाबाद से ऐशबाग ईदगाह तक निकलने वाले जुलूस को लेकर खास प्रबंध किए गए हैं। जुलूस के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से 15 एडिशनल एसपी सुरक्षा व्यवस्था में लगाये गये हैं। इसके अलावा 2000 से ज्यादा पुलिसकर्मी, 10 कंपनी पीएसी और दो कंपनी आरएएफ पश्चिमी जोन में तैनात की गई है।

—————————

यूपी टी 20 लीग में आज लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई एकाना स्टेडियम में दूसरा क्वालीफायर मुकाबले खेला जा रहा है। आज मेरठ मावेरिक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया है। इस मैच में जो जीतेगा उसका फाइनल में काशी रुद्रास से 6 सितंबर को सामना होगा।

—————————

प्रदेश में रुक रुक कर हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण कई नदियां उफान पर हैं। बदायूं, फर्रुखाबाद और बलिया में गंगा, मुज़फ्फरनगर और मथुरा में यमुना, लखीमपुर खीरी में शारदा, बाराबंकी, अयोध्या और बलिया में घाघरा नदी खतरे के निशान से

ऊपर बह रही हैं। पीलीभीत, लखीमपुर ,आगरा, मथुरा समेत 22 जनपदों में तीन लाख 70 हज़ार से अधिक आबादी बाढ़ से प्रभावित है। राहत आयुक्त भानुचंद्र गोस्वामी ने बताया कि बाढ़ग्रस्त इलाकों में 1100 से अधिक बाढ़ चौकियां सक्रिय हैं। इसके अलावा एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी की टीमें राहत और बचाव कार्य में लगी हैं। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में प्रदेश के कई जनपदों में हल्की बारिश का अनुमान जताया है।

(समाप्त)